**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**

**HINDI (085) / SET-B**

Class: VI | Duration : 3.00 Hrs
Date :23-03-2026 | Max. Marks: 80
Admission No.: | Roll No.:

---

**General Instructions:-**

सामान्यनिर्देश- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 24 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप - भाग 'क' : अपठित गद्यांश 14 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण 16 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक 30 अङ्क
भाग 'घ' : लेखन- कौशल 20 अङ्क

---

खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

दादा भाई नारोजी का जन्म एक पारसी पुरोहित परिवार में 4 सितंबर को हुआ था | दादा भाई का वंश दोरड़ी कहलाता था | इनके पिता का नाम नोरोजी पालन जी दोरडी और माता जी का नाम मानक भाई था | चार वर्ष की अवस्था में उनके पिता का देहांत हो गया | उसका पालन पोषण उनकी नाता ने किया | वे अनपढ़ होते हुए भी एक समझदार औरत थीं | बचपन में दादा भाई बहुत सुन्दर था | जब वे अंग्रेज़ जनरल एडमिरल की पोशाक पहनते थे तो लोग उन्हें प्यार से जोगलू (अँगरेज़) कहा करते थे | दादा जी गणित में बहुत तेज़ थे | उनमे अपने को दूसरो से अच्छा साबित करने की लगन रहती थी | उनके अध्यापक उन्हें भारत की आशा कहते थे | वे गणित के प्रोफेसर बने | वे स्वभाव से आदर्शवादी न्यायप्रिय स्वभाव के व्यक्ति थे |

(i) दादाभाई नौरोजी का जन्म किस तिथि को हुआ था? (1)

(क) 4 सितंबर को (ख) 8 सितम्बर
(ग) 12 सितम्बर (घ) 19 सितम्बर (1)

(ii) दादाभाई नौरोजी किस समुदाय से थे?

(क) पारसी समुदाय से (ख) अंग्रेजी समुदाय
(ग) उर्दू समुदाय (घ) फ्रेंच समुदाय

(iii) दादाभाई नौरोजी के पिता का नाम क्या था? (1)

(क) नोरोजी पालन जी दोरडी (ख) मारो जी पालन जी दूरदी

(ग) सरोजी पालन जी दूरदी (घ)आतम पालन जी दूरदी

(iV) दादाभाई नौरोजी के माता-पिता के बारे में लिखिए। (2)

(V) बचपन में दादाभाई नौरोजी को जोगलू क्यों कहा जाता था? (2)

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(i) जंगल में किसका पेड़ था? (1)

(क) नीम (ख) परिजात

(ग) पीपल (घ) आम

(ii) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था? (1)

(क) पेड़ों का सरताज (ख) पेड़ों का दास

(ग) ईश्वर (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था? (1)

(क) बहार में (ख) पतझड़ मे

(ग) वर्षा में (घ) सरदी

(!V) बहार के दिनों में परिजात कैसा दिखाई देता था? (2)

(V) तितलियाँ परिजात के पास क्यों आती थीं? (2)

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई एक) (1)

(क) समास के कितने प्रकार हैं?

(ख) घोड़े पर सवार का समस्त पद बनाइए|

प्रश्न.4 निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (कोई दो ) (2)

(क) गुरु +उपदेश

(ख) विदया +अर्थी

(ग) रवि +इंद्र

प्रश्न 5 सही स्थान पर अनुस्वार लगाइए (कोई एक) (1)

(क) सजय

(ख) मयक

प्रश्न.6 दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए | : (कोई एक) (1)

(क) देवर (ख) जेठ

प्रश्न.7 उपसर्ग पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- :- (कोई एक) (1)

(क) ' प्र ' उपसर्ग का प्रयोग करके शब्द बनाओ -

(ख) ' वि ' उपसर्ग का प्रयोग करके शब्द बनाओ -

प्रश्न 8 प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- (कोई एक) (1)

(क) ' कार' प्रत्यय का प्रयोग करके शब्द बनाओ -

(ख) ' दार ' प्रत्यय से से एक शब्द बनाइए | :-

प्रश्न. 9 विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई एक) (1)

(क) वाक्य के पूरा होने पर क्या लगाया जाता है (सही विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए)

(ख) क्या तुमने अपना कार्य समाप्त कर लिया है (सही विराम चिन्ह का प्रयोग )

प्रश्न.10 दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- (कोई दो ) (2)

(क) जिस के माता पिता न हो (ख) जिस का कोई दोष न हो (ग) जन्म से अब तक

प्रश्न 11 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्या में प्रयोग कीजिये | (कोई दो ) (2)

(क) आकाश पाताल एक करना (ख) आपे से बाहर होना (ग) ईंट का जवाब पत्थर से देना

प्रश्न 12 निम्नलिखित शब्दों के तीन -तीन पर्यायवाची लिखिए | (2)

(क) देश (ख) दिन (ग) कार्य (घ) गौरव

प्रश्न 13 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (कोई एक ) (1)

(क) अंधकार (ख) शांति

प्रश्न 14 निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिन्ह भरकर वाक्य पूरा कीजिए | (कोई एक ) (1)

(क) माँ में चाकू -------- सेब काटा |

(ख) दादी जी पूजा ________ फूल लाई |

<u>खंड ग (पाठ्यपुस्तक )</u>

प्रश्न.15 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- (5)

भई सूरज ज़रा इस आदमी को जगाओ |
भई पवन ,जरा इस आदमी को हिलाओ ||
यह आदमी जो सोया पड़ा हैं |
जो सच से बेखबर,सपनो में सोया पड़ा है ||
भई पंछी , इसके कानो पर चिल्लाओ |
भई सूरज , जरा इस आदमी को जगाओ |
वक्त पर जगाओ
नही तो जब बेवक्त जागेगा वह
तो जो आगे निकल गए है
उन्हें पाने घबराकर भागेगा वह |

(i) प्रस्तुत पक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(क) नीलू (ख) पंच परमेश्वर

(ग) खुशबू आज भी याद है (घ) इसे जगाओ

(ii) कवि किसे जगाने की बात कर रहा है ?

(क) जागा हुआ है (ख) भाग रहा है

(ग) सोया हुआ है (घ) इसमें से कोई नहीं

(iii) कवि सूरज ,पवन,और पंछी से क्या करने को कहता है |

(क) जागने और हिलाने और चिल्लाने (ख) नाचने को

(ग) नृत्य करने को (घ) खाना खाने को

(iv) वक्त पर जगाओ से कवि क्या समझाना चाहता है |

(क) समय रहते जाग जाओ (ख) सोजाऊ

(ग) खेलते रहो (घ) मस्ती करो

(V) इस कविता से हमे क्या सीख मिलती है ?

(क) समय पर जागरूक (ख) सोते रहो

(ग) जागते रहो (घ) समय

प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) (4)

(क) समय से कदम मिलाना क्यों ज़रूरी है ?

(ख) कविता में भारत को बूढा क्यों कहा गया है ,लक्ष्मीभाई के प्रिय खेल क्या थे ?

(ग) कवि ने कैसे आदमी को जगाने लिए कहा है?

प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई दो ) (6)

(क) भृगु दवारा लात मारने पर हरि चुप क्यों रहे ?

(ख) लक्ष्मीबाई मर्द बनी मर्दानी में कवयित्री ने लक्ष्मीबाई को मर्द क्यों कहा है ?

(ग) इसे जगाओ (कविता) कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

प्रश्न.18 दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- (5)

बात सभी ने है मानी | हवा सुबह की बड़ी सुहानी |
सदा ताजगी देती है यह |
आलस को हर लेती है यह रोगी न होने देती ||
तनिक न सेहत खोने देती
सुबह सैर पर जाकर देखो |
हवा निराली पाकर देखो
अगर सैर पर नित् जाओगे |
अच्छी सेहत तुम पाओगे ||

(i) इस कविता में किस का गुणगान किया गया है ?

(क) ताजगी भरी हवा (ख) योगाभ्यास

(ग) कसरत (घ) आराम से सोने में

(ii) सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है ?

(क) हवा ताज़गी होती है (ख) सेहत नहीं बनती

(ग) स्वास्थ ख़राब करती है (घ) बहुत ठंड लगती है

(iii) 'सुबह सैर पर जाने से क्या --क्या लाभ होता है ?

(क) व्यक्ति बीमार रहेगा (ख) अच्छी दोस्ती होती है

(ग) व्यक्ति कमजोर रहेगा (घ) अच्छा स्वास्थ्य होता है

(iv) इस कविता का शीर्षक क्या होगा ?

(क) सुबह की हवा (ख) कोई फायदा नही

(ग) अच्छी सेहत वरदान (घ) बीमारी को बुलाव

(v) सुबह क्या सुहानी चलती है ?

(क) रोगी (ख) आलस्य

(ग) कुत्ते (घ) सुहानी हवा

प्रश्न.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) (4)

(क) वनो --उपवनो को प्रकृति का फेफड़ा क्यों कहा जाता है ?

(ख) बरसात का मौसम आने पर लेखक को 'दुःख क्यों'होता है ?

(ग) लेखिका को अस्पताल में क्यों रहना पड़ा ?

प्रश्न.20 निम्नलिखि नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए :- (कोई दो ) (6)

(क) लेखिका दवारा जाली का एक कोना खोले जाने का क्या कारण था ?

(ख) गायन युद्ध में कौन जीता ?क्षमा दान करते हुए बैजू ने क्या कहा ?

(ग) पाठ में कौन --कौन से अशिष्ट कार्यों की चर्चा की गई है ?

(लेखन-कौशल)

प्रश्न.21 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) कंप्यूटर आज की ज़रुरत

(ख) प्रातकालीन की सैर

प्रश्न.22 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन लिखिए :- (5)

(क) सोनाटा घड़ी पर एक सुंदर विघ्यापन लिखिए -

(ख) अपने पसंददीदा ( छाते) का |

प्रश्न.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :- (5)

(क) क्रिकेट मैच देखन जाने के लिए पुत्र और पिता के बीच संवाद लेखन-

(ख) दो सहेलियों के बीच संवाद लेखन -

प्रश्न.24 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- **(5)**



=============================समाप्त=============================